सत्यमेव जयते

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः

आज़ादी का अमृत महोत्सव




मानानीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारीगण मंच पर सम्मेलन के दौरान

खण्ड V : अंक XIII जुलाई–सितम्बर, 2024
Vol: V : Issue XIII July-September, 2024

# बीपीआरएंडी बुलेटिन
# BPR&D Bulletin

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

Bureau of Police Research & Development, Ministry of Home Affairs, Govt. of India

# महानिदेशक की कलम से.......

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो में यह तिमाही विभिन्न प्रकार के सम्मेलनों और आयोजनों से परिपूर्ण रही जिसमें ब्यूरो ने गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार नए आपराधिक कानून के कार्यान्वयन की निगरानी करने और फील्ड अधिकारियों की चिंताओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए बीपीआरएंडडी मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया जिसका संचालन माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय जी की देख–रेख में किया जा रहा है। इसी संबंध में सीडीटीआई गाजियाबाद ने रयान इंटरनेशनल स्कूल, गाजियाबाद में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए नए आपराधिक कानूनों पर एक जागरूकता कार्यक्रम, डीएसपी, सीडीटीआई, चंडीगढ़, सुश्री पूजा चौधरी द्वारा 18 प्रोबेशनर डीएसपी के एक बैच के लिए एचपीए मधुबन में नए आपराधिक कानूनों के अवलोकन पर एक सत्र, सीडीटीआई, जयपुर और सीडीटीआई, चंडीगढ़ द्वारा विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों के लिए 'नए आपराधिक कानूनों (बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए) की संवेदनशीलता' पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन, इत्यादि कार्यक्रम शामिल है।

दिनांक 15 अगस्त, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय एवं उसके अधीन सभी यूनिटों में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ब्यूरो ने अपना 54वां स्थापना दिवस भी इसी अवधि में मनाया जिसके मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन थे। केंद्रीय गृह सचिव ने बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस पर भारतीय पुलिस जर्नल का एक विशेष संस्करण और नए आपराधिक कानूनों पर एक वृत्तचित्र जारी किया। उन्होंने 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्राप्तकर्ताओं को भी सम्मानित किया। बीपीआरएंडडी के 54वें स्थापना दिवस के दौरान, केंद्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन ने 'नए आपराधिक कानून – नागरिक केंद्रित सुधार' पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता मेमोरियल व्याख्यान दिया और पीड़ित उन्मुख उपायों सहित प्रमुख विशेषताओं और नए प्रावधानों पर प्रकाश डाला। 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर लगभग एक सप्ताह तक चले आयोजन में ब्यूरो के सभी प्रभागों ने खेल–कूद एवं विविध गतिविधियों में भाग लिया।

यह अवधि हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए भी काफी महत्वपूर्ण रही जिसमें नराकास दक्षिणी दिल्ली–1 की चौथी छमाही बैठक का आयोजन प्रमुख रहा।

यह अवधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दौरान दिनांक 12 अगस्त, 2024 को सीएसटीआई (CSTI) सम्मेलन समारोह के दौरान माननीय राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में सीबीसी सचिव, श्री एस. पी. रॉय द्वारा सीडीटीआई, जयपुर को एनएबीईटी (NABET) और सीबीसी (CBC) द्वारा अतिउत्तम संस्थान, सीडीटीआई, चंडीगढ़ को अतिउत्तम संस्थान, सीडीटीआई, गाज़ियाबाद को उत्तम संस्थान और सीडीटीआई, कोलकाता को उत्तम संस्थान के रूप में मान्यता दी गई।

इस अवधि में सीडीटीआई, जयपुर में दो दिवसीय "जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं के चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन" का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार द्वारा किया गया एवं समापन सत्र में माननीय उपमुख्यमंत्री, राजस्थान डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने भाग लिया। इस सम्मेलन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 91 अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने नए आपराधिक कानून, बुनियादी ढांचे में सुधार, महिला कैदियों में कट्टरपंथ की पहचान और सर्वोत्तम प्रथाओं सहित विभिन्न समकालीन मुद्दों पर विचार–विमर्श किया।

यह सभी कार्य कठिन थे परन्तु ब्यूरो मुख्यालय एवं बाहरी यूनिटों में कार्यरत कुशल, प्रशिक्षित, कर्मठ तथा समर्पित अधिकारियों एवं कार्मिकों के सहयोग से यह सुगम हो पाया।

**महानिदेशक, बीपीआरएंडडी**

## नए आपराधिक कानून नियंत्रण कक्ष का दौरा

दिनांक 01.07.2024 से नए आपराधिक कानून देश में लागू कर दिए गए। नए आपराधिक कानून के कार्यान्वयन की निगरानी करने और फील्ड अधिकारियों की चिंताओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए बीपीआरएंडडी मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। इस दौरान माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय द्वारा नए आपराधिक कानून नियंत्रण कक्ष का दौरा किया गया।



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय का बीपीआरएंडडी मुख्यालय में स्वागत करते हुए




माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय नए आपराधिक कानून नियंत्रण कक्ष का दौरा करते हुए



माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय नए आपराधिक कानून नियंत्रण कक्ष में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा से चर्चा करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय को नए आपराधिक कानून के विषय में बताते हुए

## जुलाई, 2024

**साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला**

**13.07.2024**
**चंडीगढ**

दिनांक 13 जुलाई, 2024 को साइबर संकाय, सीडीटीआई, चंडीगढ़, श्री गुरुचरण सिंह ने अरावली इंटरनेशनल स्कूल, पंचकुला में साइबर सुरक्षा पर एक कार्यशाला और एनसीएल पर एक संक्षिप्त अवलोकन का आयोजन किया। इस सत्र में अभिभावकों और छात्रों सहित 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया



साइबर संकाय, सीडीटीआई, चंडीगढ़, श्री गुरुचरण सिंह कार्यशाला के दौरान

## जुलाई, 2024

**छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए नए आपराधिक कानूनों पर एक जागरूकता कार्यक्रम**

**19.07.2024**
**गाजियाबाद**

दिनांक 19 जुलाई, 2024 को सीडीटीआई गाजियाबाद ने रयान इंटरनेशनल स्कूल, गाजियाबाद में कॉलेजों और विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए नए आपराधिक कानूनों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लगभग 500 छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।



रयान इंटरनेशनल स्कूल, गाजियाबाद के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी नए आपराधिक कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान

## जुलाई, 2024

**नए आपराधिक कानूनों के अवलोकन पर सत्र**

**27.07.2024**
**चंडीगढ**

दिनांक 27 जुलाई, 2024 को डीएसपी, सीडीटीआई, चंडीगढ़, सुश्री पूजा चौधरी द्वारा 18 प्रोबेशनर डीएसपी के एक बैच के लिए एचपीए मधुबन में नए आपराधिक कानूनों के अवलोकन पर एक सत्र का आयोजन किया।



डीएसपी, सीडीटीआई, चंडीगढ़, सुश्री पूजा चौधरी सत्र के दौरान

**अगस्त, 2024**

**महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा द्वारा सीडीटीआई, चंडीगढ़ का दौरा**

**03.08.2024**
**चंडीगढ**

दिनांक 3 अगस्त, 2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा ने सीडीटीआई, चंडीगढ़ का दौरा किया। इस दौरान महानिदेशक महोदय ने संस्थान के कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझा।



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, सीडीटीआई, चंडीगढ़ दौरे के दौरान



सीडीटीआई, चंडीगढ़ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा के साथ समूह फोटोग्राफ

**अगस्त, 2024**

**नए आपराधिक कानूनों की संवेदनशीलता' पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन**

**05.08.2024 से 09.08.2024**
**जयपुर**

दिनांक 05 से 09 अगस्त, 2024 को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 68 पुलिस अधिकारियों के लिए 'नए आपराधिक कानूनों (बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए) की संवेदनशीलता' पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन सीडीटीआई, जयपुर में किया गया।



नए आपराधिक कानूनों (बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए) की संवेदनशीलता पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागीगण

**अगस्त, 2024**

**महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा द्वारा सीडीटीआई, गाजियाबाद का दौरा**

**09.08.2024**
**गाजियाबाद**

दिनांक 9 अगस्त, 2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा ने सीडीटीआई, गाजियाबाद का दौरा किया। इस दौरान महानिदेशक महोदय ने संस्थान के कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझा। महानिदेशक महोदय ने संस्थान के निदेशक, डॉ. सचिन गुप्ता के साथ परिसर का दौरा किया और वृक्षारोपण भी किया।



निदेशक, सीडीटीआई, गाजियाबाद, डॉ. सचिन गुप्ता, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा को स्मृति स्वरूप पौधा भेट करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, सीडीटीआई, गाजियाबाद परिसर में वृक्षारोपण करते हुए

## सीडीटीआई, जयपुर और चंडीगढ़ को एनएबीईटी (NABET) और सीबीसी (CBC) द्वारा अतिउत्तम संस्थान तथा सीडीटीआई, गाज़ियाबाद और कोलकाता को उत्तम संस्थान के रूप में मान्यता

दिनांक 12 अगस्त, 2024 को सीएसटीआई (CSTI) सम्मेलन समारोह के दौरान माननीय राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में सीबीसी सचिव, श्री एस. पी. रॉय द्वारा सीडीटीआई, जयपुर और सीडीटीआई, चंडीगढ़ को एनएबीईटी (NABET) और सीबीसी (CBC) द्वारा अतिउत्तम संस्थान तथा सीडीटीआई, गाज़ियाबाद और सीडीटीआई, कोलकाता को उत्तम संस्थान के रूप में मान्यता दी गई।




निदेशक, सीडीटीआई, गाज़ियाबाद, श्री सचिन गुप्ता, उत्तम संस्थान का प्रमाणपत्र लेते हुए




डीएसपी, सीडीटीआई, चंडीगढ़, सुश्री सोनल, अतिउत्तम संस्थान का प्रमाणपत्र लेते हुए




निदेशक, सीडीटीआई, कोलकाता, श्री भँवर लाल मीणा, उत्तम संस्थान का प्रमाणपत्र लेते हुए




निदेशक, सीडीटीआई, जयपुर, डॉ. अमनदीप सिंह कपूर, अतिउत्तम संस्थान का प्रमाणपत्र लेते हुए

## बीपीआरएंडडी पेड इंटर्नशिप कार्यक्रम

### अगस्त, 2024

माह अगस्त, 2024 में 1 से 2 महीने की अवधि के लिए बीपीआरएंडडी पेड इंटर्नशिप कार्यक्रम में 7 प्रशिक्षु शामिल हुए जिन्हे इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान सीडीटीआई, गाजियाबाद, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, नई दिल्ली, वसंत विहार पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली और जेल मुख्यालय तिहाड़ जेल, नई दिल्ली का दौरा कराया गया।



वसंत विहार पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली दौरे के दौरान प्रशिक्षु



सीडीटीआई, गाजियाबाद दौरे के दौरान प्रशिक्षु




जेल मुख्यालय तिहाड़ जेल, नई दिल्ली दौरे के दौरान प्रशिक्षु




राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, नई दिल्ली दौरे के दौरान प्रशिक्षु

## बीपीआरएंडडी मुख्यालय एवं उसके अधीन सभी यूनिटों में 78वें स्वतंत्रता दिवस का समारोह

**अगस्त, 2024**

दिनांक 15 अगस्त, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय एवं उसके अधीन सभी यूनिटों में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक (प्रशासन), श्री संजीव त्रिखा द्वारा बीपीआरएंडडी मुख्यालय में ध्वजारोहण किया गया और सशस्त्र गार्ड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस समारोह में बीपीआरएंडडी एवं एनसीआरबी के अधिकारी एवं कार्मिक भी उपस्थित थे।



78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीपीआरएंडडी एवं एनसीआरबी के अधिकारी एवं कार्मिक



सशस्त्र गार्ड बीपीआरएंडडी मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए



निदेशक, सीडीटीआई, जयपुर, श्री अमनदीप कपूर, 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कर्मचारियों को डीजी डिस्क और प्रमाणपत्र देते हुए

**अगस्त, 2024**

### "नए आपराधिक कानून" पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम

**19.08.2024—23.08.2024**
**चंडीगढ़**

"नए आपराधिक कानून" पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम दिनांक 19 से 23 अगस्त, 2024 का आयोजन सीडीटीआई, चंडीगढ़ में किया गया, जिसमे उत्तरी राज्यों के 30 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



05 दिवसीय "नए आपराधिक कानून" पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागी

# पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का 54वां स्थापना दिवस

दिनांक 28 अगस्त, 2024 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने अपना 54वां स्थापना दिवस मनाया, जिसके मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन थे। इस अवसर पर निदेशक, आसूचना ब्यूरो, श्री तपन कुमार डेका, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सीएपीएफ/सीपीओ के प्रमुख और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। केंद्रीय गृह सचिव ने बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस पर भारतीय पुलिस जर्नल का एक विशेष संस्करण और नए आपराधिक कानूनों पर एक वृत्तचित्र जारी किया। उन्होंने 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्राप्तकर्ताओं को भी सम्मानित किया। बीपीआरएंडडी के 54वें स्थापना दिवस के दौरान, केंद्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन ने 'नए आपराधिक कानून – नागरिक केंद्रित सुधार' पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता मेमोरियल व्याख्यान दिया और पीड़ित उन्मुख उपायों सहित प्रमुख विशेषताओं और नए प्रावधानों पर प्रकाश डाला।



माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन का बीपीआरएंडडी के 54वां स्थापना दिवस पर आगमन




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए




माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन, नए आपराधिक कानूनों पर एक वृत्तचित्र जारी करते हुए




माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन, बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस पर भारतीय पुलिस जर्नल के एक विशेष संस्करण का विमोचन करते हुए

## पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का 54वां स्थापना दिवस

केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन ने पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के महत्वपूर्ण कार्य और सुधारों की प्रशंसा की तथा अवगत कराया कि ब्यूरो समय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विस्तार कर रहा है : बेंगलुरू में एक नया सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रैनिंग इंस्टिट्यूट (सीडीटीआई) स्थापित किया गया है और यह संचालन में आ गया है। यह नई इकाई, जो स्मार्ट पुलिसिंग और शहरी पुलिसिंग के लिए उत्कृष्टता का केंद्र होगी, निश्चित रूप से दक्षिण भारत में स्थित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए बीपीआरएंडडी को प्रेरित करेगी। एक और सीडीटीआई, अगरतला में भी कार्यात्मक किया जाएगा, जो दूर–दराज के पूर्वोत्तर क्षेत्र में क्षमता निर्माण को बढ़ावा देगा और यह सीमा पार अपराधों पर ध्यान देने के साथ–साथ इसके महत्व को भी बढ़ायेगा।

केंद्रीय गृह सचिव ने बताया कि पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो की अन्य दूरस्थ इकाईयां पुलिस बलों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर रही हैं और विश्वास जताया कि हमारे पास बीपीआरएंडडी के रूप में एक जीवंत संगठन है, जो हमेशा मंत्रालय की आवश्यकताओं को सबसे पेशेवर तरीके से पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुलिस आधुनिकरण और उन्नयन में पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।




माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन, बीपीआरएंडडी के 54वें स्थापना दिवस पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए



माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन 'नए आपराधिक कानून – नागरिक केंद्रित सुधार' पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता मेमोरियल व्याख्यान करते हुए



माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन, निदेशक (प्रशासन एवं आरसीए), बीपीआरएंडडी, सुश्री रेखा लोहानी को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक प्रदान करते हुए

**अगस्त, 2024**

## बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस 2024 के उपलक्ष में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**29.08.2024–30.08.2024**
**नई दिल्ली**

दिनांक 29 अगस्त, 2024 से 30 अगस्त, 2024 तक बीपीआरएंडडी मुख्यालय में बीपीआरएंडडी स्थापना दिवस 2024 के उपलक्ष में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पुरुषों के लिए 05 किलोमीटर की दौड़, तीन टांगों वाली दौड़, पुरुषों और महिलाओं के लिए 05 किलोमीटर की पैदल दूरी, बच्चों के लिए पेंटिंग, नॉट ओपनिंग रेस, आदि का आयोजन किया गया और विजेताओं को महानिदेशक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।



तीन टांगों वाली दौड़ के दौरान महिलायें



रस्सा–कस्सी के दौरान पुरुष प्रतिभागी



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देते हुए



म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली–1 की चौथी छमाही बैठक

दिनांक 4 सितंबर, 2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली–1 की चौथी छमाही बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नराकास के 63 सदस्य कार्यालयों से 135 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान महानिदेशक महोदय ने सदस्य कार्यालयों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली–1 की चौथी छमाही बैठक की अध्यक्षता करते हुए

सुझाव एवं चर्चा के दौरान केंद्रीय माल एवं सेवाकर कार्यालय के अधिकारी द्वारा महानिदेशक एवं अध्यक्ष कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान कार्यालय के श्री संजय चौधरी, हिंदी अधिकारी द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि नराकास की छमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में ही भेजें। श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन, ने अपने संबोधन में समिति के सदस्यों को हिंदी शिक्षण योजना से संबंधित विभिन्न मदों पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु अधिक से अधिक कार्य हिंदी में ही किया जाए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री राजीव कुमार शर्मा, भा.पु.से., महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने कहा की नराकास का प्रमुख उद्देश्य केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आ रही कठिनाइयों को दूर करना है। अध्यक्ष महोदय ने सदस्य कार्यालयों से आह्वान किया कि राजभाषा के प्रयोग को गति और बल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रभावशाली कार्यकर्मों का आयोजन किया जाए। साथ ही उन्होंने 74 में से 49 उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त कार्यालयों को बधाई देते हुए शेष कार्यालयों को भी उत्कृष्ट श्रेणी में आने के लिए प्रोत्साहित किया।




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली–1 की चौथी छमाही बैठक के दौरान प्रतिभागीगण




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा बैठक के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

## जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं का चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

दिनांक 26 सितंबर, 2024 से 27 सितंबर, 2024 तक बीपीआरएंडडी के प्रशिक्षण संस्थान, सीडीटीआई, जयपुर में दो दिवसीय "जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं के चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन" का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार द्वारा किया गया एवं समापन सत्र में माननीय उप मुख्यमंत्री, राजस्थान डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने भाग लिया। इस सम्मेलन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 91 अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने नए आपराधिक कानून, बुनियादी ढांचे में सुधार, महिला कैदियों में कट्टरपंथ की पहचान और सर्वोत्तम प्रथाओं सहित विभिन्न समकालीन मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। सम्मेलन के दूसरे दिन महिला कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य, पुनर्वास और सुधार, नेतृत्व की भूमिका और जेलों में वर्दीधारी महिलाओं के लिए लैंगिक समानता पर विचार–विमर्श हुआ।



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



महानिदेशक (जेल), उत्तर प्रदेश, श्री पी. वी. रामा शास्त्री सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों से विचार–विमर्श करते हुए



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा भारत में जेल अधिकारियों की निर्देशिका, 2024 का विमोचन

# जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं का चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, माननीय, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान, डॉ. प्रेम चंद बैरवा को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट करते हुए



अपर महानिदेशक राज्य सतर्कता, हिमाचल प्रदेश, सुश्री सतवंत अटवाल सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों से विचार–विमर्श करते हुए




महानिदेशक, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, श्री अजय भटनागर सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों से विचार–विमर्श करते हुए




माननीय, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान, डॉ. प्रेम चंद बैरवा, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, एवं वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान




"जेल प्रशासन में वर्दीधारी महिलाओं के चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन" के समापन सत्र का समूह फोटोग्राफ

## हिंदी पखवाड़े का आयोजन

ब्यूरो द्वारा दिनांक 14.09.2024 से 30.09.2024 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें ब्यूरो के अधिकारियों/कार्मिकों के लिए निम्न प्रतियोगिताओं (1) हिन्दी टिप्पण और मसौदा लेखन, (2) हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, (3) हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, (4) स्वरचित कविता पाठ, (5) स्वरचित राजभाषा हिन्दी पर आदर्श वाक्य तथा (6) हिन्दी सामान्य ज्ञान, शब्द – अर्थ, लघु निबंध (समूह घ से ग में आए कर्मियों के लिए) का आयोजन किया गया। दिनांक 30 सितंबर, 2024 को ब्यूरो में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी पखवाड़े में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महानिदेशक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया।



हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी



स्वरचित राजभाषा हिन्दी पर आदर्श वाक्य के दौरान प्रतिभागी



स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी



हिन्दी सामान्य ज्ञान, शब्द–अर्थ, लघु निबंध (समूह घ से ग में आए कर्मियों के लिए) प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी



हिन्दी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी



हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी

# हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए




निदेशक (एसपीडी), सुश्री रुचिका ऋषि, माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी का संदेश पढ़ते हुए





महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ अधिकारी, हिन्दी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण–पत्र प्रदान कर पुरस्कृत करते हुए

## सितंबर, 2024

### आंतरिक सुरक्षा पर 03 दिवसीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग आधारित पाठ्यक्रम का आयोजन

दिनांक 11.09.2024 से 13.09.2024 तक आंतरिक सुरक्षा पर 03 दिवसीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग आधारित पाठ्यक्रम का आयोजन बीपीआरएंडडी मुख्यालय में किया गया जिसका उद्घाटन अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री रवि एल जोसेफ, द्वारा किया गया। इस पाठ्यक्रम में 09 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 24 अधिकारियों ने भाग लिया।



अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी एवं उप महानिरीक्षक, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दौरान



03 दिवसीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग आधारित पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागी

## तमिलनाडु के 19 प्रशिक्षु जेल अधिकारियों का बीपीआरएंडडी दौरा

दिनांक 26 सितंबर, 2024 को अपने एक दिवसीय अध्ययन दौरे के दौरान कारागार एवं सुधार प्रशासन अकादमी, वेल्लोर, तमिलनाडु के 19 प्रशिक्षु जेल अधिकारियों ने बीपीआरएंडडी का दौरा किया।




कारागार एवं सुधार प्रशासन अकादमी, वेल्लोर, तमिलनाडु के प्रशिक्षु जेल अधिकारियों का बीपीआरएंडडी में समूह फोटोग्राफ



श्री यशवीर सिंह, सहायक निदेशक (प्रशि.), प्रशिक्षु जेल अधिकारियों को बीपीआरएंडडी के कार्यों से अवगत करते हुए

**सितंबर, 2024**

**सुरक्षित सोशल मीडिया और डिजिटल भुगतान पर जागरूकता अभियान**

**17.09.2024**
**जयपुर**

दिनांक 17 सितंबर, 2024 को सीबीएस साइबर फाउंडेशन, जयपुर द्वारा सीडीटीआई, जयपुर (बीपीआरएंडडी) के सहयोग से कनोडिया पीजी, महिला महाविद्यालय, जयपुर में सुरक्षित सोशल मीडिया और डिजिटल भुगतान पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।



जागरूकता अभियान के दौरान अधिकारीगण एवं छात्र

## सीडीटीआई चंडीगढ़ द्वारा दो सप्ताह का इंटर्नशिप कार्यक्रम

एनएमआईएमएस (NMIMS), चंडीगढ़ के कानून के छात्रों के लिए सीडीटीआई चंडीगढ़ द्वारा दो सप्ताह का इंटर्नशिप कार्यक्रम अगस्त माह में आयोजित किया गया, जिसमे एनएमआईएमएस (NMIMS), चंडीगढ़ के चौथे वर्ष के 14 कानून छात्रों ने अपनी इंटर्नशिप पूरी की।






इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान छात्र

## महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा द्वारा सीडीटीआई, हैदराबाद का दौरा

दिनांक 20 सितंबर, 2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा ने श्री हेमंत प्रियदर्शी, डीजीपी (साइबर क्राइम), राजस्थान के साथ सीडीटीआई, हैदराबाद का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान महानिदेशक, बीपीआरएंडडी ने सेंट जोसेफ हाई स्कूल, रामनाथपुर, हैदराबाद के छात्रों के साथ बातचीत की, जिनके लिए सीडीटीआई, हैदराबाद में एक जागरूकता कार्यक्रम की व्यवस्था की गई थी।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा सीडीटीआई, हैदराबाद का दौरा करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी सेंट जोसेफ हाई स्कूल, रामनाथपुर, हैदराबाद के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी सीडीटीआई, हैदराबाद के निदेशक एवं कर्मचारियों के साथ



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी वृक्षारोपण करते हुए

## मिशन वात्सल्य कार्यक्रम पर 02 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### सितंबर, 2024

मिशन वात्सल्य कार्यक्रम पर बाल संरक्षण केंद्र, एसपीयूपी, जोधपुर द्वारा सीडीटीआई, जयपुर में दिनांक 30 सितंबर, 2024 से 01 अक्टूबर, 2024 तक 02 दिनों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।




मिशन वात्सल्य कार्यक्रम पर बाल संरक्षण केंद्र, एसपीयूपी, जोधपुर द्वारा आयोजित कार्यशाला का समूह फोटोग्राफ




माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री गोविंद मोहन, बीपीआरएंडडी के 54वें स्थापना दिवस पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ

011- 26782012
BPRD India
bprdindia
officialBPRDIndia
Bureau of Police Research & Development India
www.bprd.nic.in

# पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो

## गृह मंत्रालय, भारत सरकार

राष्ट्रीय राजमार्ग–48, महिपालपुर
नई दिल्ली – 110037
भारत

Please Scan the QR Code to Subscribe to Youtube Channel

BUREAU OF POLICE RESEARCH & DEVELOPMENT
PLEASE SUBSCRIBE TO OUR YOUTUBE CHANNEL
POLICE AUR SEVA